देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 06.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने पांच हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ कपास उत्पादकता मिशन को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में 23 खेल अकादमियों की स्थापना के लिए 'स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान' लागू करने की घोषणा की।
- चारधाम यात्रा सुगम और व्यवस्थित रूप से जारी, अबतक साढ़े सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन। रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को खुलेंगे, यात्रा तैयारियां तेज।
- देहरादून नगर निगम क्षेत्र में '100 डेज वन मिशन' के तहत नदी–नालों की सफाई अभियान जारी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच हजार छह सौ करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ देश में कपास क्षेत्र में बाधाओं, घटती वृद्धि और गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए कपास उत्पादकता मिशन को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना से आयातित कपास पर निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा की बचत करने में भी मदद मिलेगी।

श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने वर्ष 2026–27 के चीनी सीजन के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तीन सौ 65 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है।

मंत्रिमंडल ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के पांचवें चरण को भी मंजूरी दे दी है। इस योजना के अंतर्गत, सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को शत प्रतिशत ऋण गारंटी प्रदान की जाएगी, जबकि गैर–सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों और एयरलाइन क्षेत्र को 90 प्रतिशत गारंटी दी जाएगी।

हिमाद्रि आइस रिंक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही राज्य के आठ प्रमुख

शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना के लिए 'स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान' लागू किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीटों और एक हजार अन्य खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री देहरादून में हिमाद्रि आइस रिंक के जीर्णोद्धार की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखंड आइस हॉकी टीम की जर्सी तथा 'पे एंड प्ले' पोर्टल का विमोचन किया।

उन्होंने कहा कि देश की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की आइस रिंक 'हिमाद्रि' न केवल उत्तराखंड, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है, जो खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रही है।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा आस्था और भक्ति के साथ सुगम व सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। अब तक सात लाख पचास हजार से अधिक श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं।

सर्वाधिक तीन लाख 44 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम के दर्शन किए हैं, जबकि लगभग दो लाख श्रद्धालु बदरीनाथ धाम पहुंच चुके हैं। वहीं, उत्तरकाशी जिले स्थित यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में दो लाख बारह हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की है। इस बीच, यात्रियों के आवागमन का क्रम लगातार जारी है।

चारधाम यात्रा पर पहुंचे बिहार कैडर के अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दाराद ने कहा कि बद्रीनाथ धाम में प्राप्त अनुभव अत्यंत सुखद, आध्यात्मिक और अविस्मरणीय रहा। उन्होंने पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट प्रबंधन की सराहना की।

उधर, उत्तरकाशी के जिलाधिकारी ने यात्रा मार्गों और धाम परिसरों में साफ–सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कूड़ा निस्तारण के लिए उत्तरकाशी और बड़कोट की डंपिंग साइट का उपयोग करने को कहा है।

श्री रुद्रनाथ मंदिर

चमोली जिले में स्थित पंच केदारों में से एक चतुर्थ केदार श्री रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आगामी 18 मई को ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए जाएंगे। इसे लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम मेंएसडीओ मोहन सिंह के नेतृत्व में केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग की टीम ने सगर से रुद्रनाथ धाम तक पैदल यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया।

प्रशासन का प्रयास है कि यात्रा को और अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित औरं सुगम बनाया जा सके।

नगर निगम देहरादून

देहरादून नगर निगम क्षेत्र में वृहद स्तर पर नालों और नालियों की विशेष सफाई अभियान "100 डेज वन मिशन– रिवाइविंग आवर रिवर्स" संचालित किया जा रहा है। यह अभियान आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

अब तक नौ प्रमुख नालों की सफाई पूरी की जा चुकी है, जबकि अन्य नालों में कार्य तेजी से जारी है।

अभियान के दौरान नालों और नालियों से लगभग सात हजार 922 दशमलव 9 4 मीट्रिक टन कचरा निकाला गया है, जिसमें ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक कचरा और अन्य अवरोधक सामग्री शामिल है।

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे नालों और नालियों में कूड़ा–कचरा, प्लास्टिक या निर्माण सामग्री न डालें, ताकि जल निकासी व्यवस्था बाधित न हो।

मौसम

मौसम विभाग ने राज्य में आठ मई तक बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार आज पर्वतीय जिलों में आकाशीय बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। यह स्थिति अगले दो दिनों तक बनी रह सकती है।

इस बीच विभाग ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से मौसम पूर्वानुमान देखकर ही यात्रा करने की अपील की है। खराब मौसम की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह दी गई है।

वहीं, पर्वतीय जिलों में वर्षा की चेतावनी को देखते हुए संवेदनशील स्थानों पर सड़कों के अवरुद्ध होने की स्थिति में मार्ग को शीघ्र सुचारू करने के लिए पर्याप्त मशीनें तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी के इस्तीफा नहीं देने की खबर को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले पृष्ठ प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण का शीर्षक है– इस्तीफा न देने पर अड़ीं ममता, भाजपा ने दिखाया संविधान का आईना। अमर उजाला लिखता है– बंगाल में नौ को भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण..... गृह मंत्री शाह चुनेंगे नया मुख्यमंत्री।

उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने पर नवोद टाइम्स की सुर्खी है– सुप्रीम कोर्ट में होंगे 38 न्यायाधीश, प्रस्ताव को मंत्रिमंडल की मंजूरी।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री धामी के हवाले से लिखा है– उत्तराखंड बनेगा भारतीय ज्ञान–विज्ञान और संस्कृति का वैश्विक केंद्र।